प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

अतारांकित प्रश्न क्रमांक - 7563

परिशिष्ट - अड़तीस

[27/3/2017]

प्रश्न सं. [क्र. 7563]

परिशिष्ट-"अ"

दिनांक 18.06.2013 को म.प्र.शासन, राजस्व विभाग के पत्र क्रमांक एफ 14-07/2012/सात(शाखा-5) व्दारा रूपये 158.88 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। दिनांक 09.06.2014 को निर्माण कार्य हेतु भूमि प्राप्त हुई। दिनांक 11.06.2014 को भूमि का कन्टूर सर्वे कराया गया। दिनांक 25.07.2014 को कन्टूर सर्वे के आधार पर कॉन्सेप्ट प्लान हेतु मुख्य वास्तुविद लो.नि.वि. भोपाल को पत्र प्रेषित किया गया। दिनांक 27.11.2014 को मुख्य वास्तुविद लो.नि.वि. भोपाल व्दारा अतिरिक्त दस्तावेज मांगे गये। दिनांक 27.05.2015 को मुख्य वास्तुविद लो.नि.वि. भोपाल से कॉन्सेप्ट प्लान प्राप्त हुआ। दिनांक 07.07.2015 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) व्दारा कॉन्सेप्ट अनुमोदित किया गया। दिनांक 15.07.2015 को मेसर्स आयाम कन्सलटेन्ट नोयडा को कार्य की विस्तृत डी.पी.आर. तैयार करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। दिनांक 27.07.2015 को मेसर्स आयाम कन्सलटेन्ट नोयडा व्दारा तैयार की गई निर्माण कार्य की वर्किंग ड्राइंग अनुमोदित करने हेतु मुख्य वास्तुवित लो.नि.वि.भोपाल को प्रेषित की गई। दिनांक 05.10.2015 को मुख्य वास्तुविद लो.नि.वि. भोपाल व्दारा सुझाये गये संशोधन मेसर्स आयाम कन्सलटेन्ट नोयडा को प्रेषित किये गये। दिनांक 13.10.2015 को मुख्य वास्तुविद लो.नि.वि. भोपाल को वर्किंगड्राइंग अनुमोदित करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। दिनांक 01.01.2016 को मेसर्स आयाम कन्सलटेन्ट नोयडा व्दारा कार्य की विस्तृत डी.पी.आर. रूपये 570.00 लाख की प्रेषित की गई। दिनांक 10.01.2016 को वरिष्ठ अधिकारियों व्दारा निर्देश दिये गये कि प्रशासकीय स्वीकृति रूपये 158.88 लाख की है, अतः प्रथम चरण में केवल भूतल के निर्माण हेतु रूपये 200.00 लाख की राशि की सीमा में डी.पी.आर. तैयार करवाकर निविदा आंमत्रित की जावे तथा व्दितीय चरण में प्रथम तल के निर्माण हेतु अलग डी.पी.आर. तैयार करवाई जावे। दिनांक 14.01.2016 को मुख्यवास्तुविद लो.नि.वि. भोपाल व्दारा वर्किंग ड्राइंग अनुमोदित की गई। दिनांक 01.02. 2016 को मेसर्स आयाम कन्सलटेन्ट नोयडा व्दारा भूतल निर्माण हेतु रूपये 317.22 लाख व प्रथम तल निर्माण हेतु रूपये 239.94 लाख की डी.पी.आर. प्रेषित की गई व भूतल की लागत रूपये 200.00 लाख की सीमा के अन्दर करने में असमर्थता जताई। दिनांक 30.05.2016 को अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू) इन्दौर व्दारा रूपये 352.40 लाख (भूतल निर्माण रूपये 225.82 लाख व प्रथम तल रूपये 125.68 लाख कुल रूपये 352.40 लाख) कार्य की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई। दिनांक 30.06.2016 को राजस्व विभाग, म.प्र. शासन व्दारा अनुमोदित कॉन्सेप्ट मानचित्र मुख्य वास्तुविद लो.नि.वि. भोपाल व्दारा उपलब्ध कराये गये। दिनांक 11.08.2016 को राजस्व विभाग, म.प्र.शासन व्दारा अनुमोदित किये गये। दिनांक 02.09.2016 को मेसर्स आयाम कन्सलटेन्ट नोयडा को कॉनसेप्ट प्लान के आधार पर विस्तृत डी.पी.आर. तैयार करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। विस्तृत कार्यकारी मानचित्र मुख्य वास्तुविद लो.नि.वि. भोपाल व्दारा दिनांक 03.11.2016 को उपलब्ध कराये गये। दिनांक 31.12.2016 को तकनीकी स्वीकृति हेतु अतिरिक्त परियोजना संचालक लो.नि.वि. (पी.आई.यू.) इन्दौर को पत्र प्रेषित किया गया। दिनांक 08.02.2017 को अतिरिक्त परियोजना संचालक लो.नि.वि. (पी.आई.यू) इन्दौर व्दारा रूपये 187.69 लाख (भूतल निर्माण) के प्राक्कलन पर तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई। दिनांक 17.02.2017 को भूतल निर्माण हेतु रूपये 187.69 लाख तथा प्रथम तल निर्माण हेतु रूपये 122.67 लाख कुल रूपये 310.36 लाख का प्राक्कलन कलेक्टर खरगौन व्दारा प्रेषित किया गया। दिनांक 28.02.2017 को भूतल निर्माण की निविदा आमंत्रित की गई। निविदा प्रक्रियाधीन है।